प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत का टेक्सटाइल निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा, 2030 तक 9 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित।
- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कड़ी, प्रयागराज के लिए विशेष ट्रेनें प्लेटफॉर्म नम्बर 16 से की जाएगी रवाना; हेल्पलाइन नंबर 139 जारी।
- गुमला में द्वितीय साहित्य महोत्सव का आयोजन, मुख्यमंत्री ने की सराहना, आज समापन समारोह में कई प्रसिद्ध साहित्यकार होंगे शामिल।
- झारखंड में ठंड का असर बरकरार, कल से पश्चिमी विक्षोभ का दिखेगा असर, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
- पलामू में शहीदों की याद में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज, उद्घाटन मैच में दिल्ली ने नेपाल को हराया, फाइनल 23 फरवरी को।

*******************

भारत मंडपम में कल भारत टेक्स को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज हम दुनिया के छठे सबसे बडे टेक्सटाइल्स और एप्परेल एक्सपोटर्स हैं।

मौके पर प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी स्थल का भी दौरा किया और प्रदर्शकों से बातचीत की। गौरतलब है कि भारत टेक्स एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम है और कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक कार्यक्रम है।

*******************

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उत्तर रेलवे ने कई उपाय किए हैं। रेलवे ने एक बयान में कहा कि प्रयागराज जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 से संचालित की जाएंगी और इसके लिए प्रवेश और निकास अजमेरी गेट की तरफ से होगा। इसके अलावा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। सुरक्षा कर्मी यात्रियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं और उन्हें उनके प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में मदद कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज दिल्ली से प्रयागराज तक कुल नौ विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। सहायता के लिए लोग रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 का उपयोग कर सकते हैं।

*******************

गुमला जिले में द्वितीय साहित्य महोत्सव का आज तीसरा और अंतिम दिन है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और कोल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कल दूसरे दिन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा, जिसमें गुमला की साहित्यिक परंपरा की सराहना की गई। महोत्सव में विक्रम ग्रीवाल, जसिंता केरकेट्टा, अनुज लुगुन समेत कई साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। आज होने वाले समापन समारोह में पटकथा लेखक एवं गीतकार वरुण ग्रोवर समेत कई साहित्यकार शामिल होंगे।

*******************

रांची के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम ) में वैल्यूज फॉर टुमॉरो विषय पर सोशल इंपैक्ट कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नैतिक नेतृत्व, सांस्कृतिक मूल्यों, स्थिरता और नवाचार पर चर्चा हुई। निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने मानवीय संबंधों और जिम्मेदार नेतृत्व पर जोर दिया। सम्मेलन में सामाजिक उद्यमियों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में कल शाम छह बजे तक एक करोड़ 36 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। यह भव्य उत्सव दुनियाभर से लाखों भक्तों को आकर्षित कर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अब तक 52 करोड़ 83 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं।

*******************

साहिबगंज जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत लोगों को दवा देने के अभियान की शुरूआत की गई है।

*******************

झारखंड के मौसम में उतर चढ़ाव जारी है। रांची मौसम केंद्र ने जानकारी दी है कि अगले दो दिनों तक आंशिक बादल छाये रहेंगे। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है होने की वजह से मौसम विभाग ने गरज के साथ बारिश का येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है।

*******************

पलामू जिले में वीर शहीदों की याद में कल अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। पलामू पुलिस और फुटबॉल आयोजन समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने किया और 31 शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

*******************

राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने दिल्ली और रांची स्टेशन पर मची यात्रियों की आपाधापी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है रांची स्टेशन पर भारी भीड़, पांच महिला यात्री हुईं बेहोश, 60 से अधिक यात्रियों की ट्रेन छूटी ।

दैनिक भास्कर ने लिखा है ट्रेन आते ही रांची स्टेशन पर मची आपाधापी, कई की ट्रेन छूटी, यात्रियों ने किया हंगामा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है राजहरा कॉल ब्लॉक से उत्पादन शुरू आर्थिक विकास को मिलेगी गति।

हिंदुस्तान के शब्द हैं भगदड़ के दूसरे दिन तमाम बंदोबस्त के बावजूद दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ हादसे के बाद भी नहीं बदले हालात ।

रांची एक्सप्रेस लिखता है प्रधानमंत्री ने कहा भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान।

********************